**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 19.06.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **पीएम स्वीनिधि योजना का लाम दिये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी पथ विकेताओ के सर्वे एवं पंजीकरण हेतु दिये गये निर्देश।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्धारित समय के अन्दर दाखिल खारिज करने तथा लापरवाह कर्मचारियो को अनिवार्य सेवानिवृत्त के लिये चिन्हित किये जाने हेतु दिये गये निर्देश।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1– भारत सरकार द्वारा संचालित की गई पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर के सभी पथ विकेताओ को आच्छादित किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर के सभी पथ विकेताओ का तत्काल सर्वे कराने का निर्देश पारियोजना अधिकारी,डूडा को दिया गया। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम नगरीय क्षेत्र में रोजगार कर रहे सभी पथ विकेता 10 हजार रूपये तक की कार्यशील पूंजी का ऋण प्राप्त कर सकते है। इस ऋण किसी प्रकार के जमानत की आवश्यकता नही है। अभी तक 2247 पथ विकेताओ का सर्वे हुआ है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पारियोजना अधिकारी,डूडा को निर्देशित किया गया कि मोहल्लेवार टीम बनाकर तथा जगह–जगह कैम्प लगाते हुये छूटे हुये सभी पथ विकेताओ को चिन्हित कर सूचीबद्ध करे। जिससे नियमानुसार उनका नगर निगम द्वारां पंजीकरण एवं पथ विकेता प्रमाण पत्र तत्काल निर्गत हो सके। जिससे कोई पथ विकेता योजना का लाभ पाने से वंचित न रह सके।

2– नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 19.06.2020 को दाखिल खारिज के प्रकरणो की समीक्षा की गई। नियत समय के बाद भी दाखिल खारिज की कार्यवाही लम्बित रहने पर असंतोष व्यक्त किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियत अवधि से अधिक समय से लम्बित समस्त प्रकरणों को का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गय कि आवेदको से जो अभिलेख प्राप्त किये जाने हों उसे सूचीबद्ध कर आवेदन प्राप्त के समय ही आवेदक को उपलब्ध करा दिया जाये जिससे आवेदक अनावश्यक रूप से परेशान न हों। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सहायक नगर आयुक्त को दाखिल खारिज के प्रकरणो की अपने स्तर से नियमित रूप से समीक्षा करने तथा लापरवाह कर्मचारियों को चिन्हित करते हुये शासनादेश के अनुसार उन्हे सेवानिवृत्त कराने की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

कमश.......................(2)

Generated by CamScanner

3—नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। **सफाई जोन—02 में कटिया टोला में साई मन्दिर के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित** एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर तथा सफाई **जोन—3 में चौभुर्जी से अंटा चौराहे तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख** में कराया गया। **सफाई जोन—4 में छः कुऑ से रोशनगजं की पुलिया तक बने नाले की सफाई एवं नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर** एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा **सफाई जोन—5 में इशहाक मियॉ की जारत से हनुमतधाम तक** बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड—19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

4— नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 19.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य** —बृज बिहार कॉलोनी, कचहरी, जज साहब का बंगला, दुघर्टना न्यायालय, किशोर न्यायाल, केशवनगर, लाला तेली बजरिया, रामनगर, दिलाजाक, बंगश, मदरा खेल, बिजलीपुरा, खलीलशर्की, आदर्शनगर कालोनी रोजा, नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, रैन बसेरा, बाला तिराही, बच्चा जेल एवं **फागिंग का कार्य**—तारीन टिकली, निसरजई, ऑफीसर्स कॉलोनी, कच्चा कटरा, रेती, नई बस्ती, रेयान स्कूल, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज, रैन बसेरा, मुमुक्ष आश्रम में कराया गया।

**कल दिनांक 20.06.2020 को रोस्टर के अनुसार** एमनजई जलालनगर, लोधीपुर, सिटी पार्क, चमकनी, बहादुरगंज, रंगीन चौपाल, मामूड़ी, बारादरी, तारीन बहादुरगंज, कटिया टोला, खिरनीबाग, बृज बिहार, महमन्द जंगला, अलीजई, खलीलशर्की, चौभुर्जी, बरेली मोड़, साउथ सिटी,गार्डेन स्टेट, गीतापुरम कालोनी, लालपुर, चमकनी गाड़ीपुरा, रोशनगंज, हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल, फत्तेपुर रेती तक मे कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम शाहजहॉपुर।
19/6/2020

Generated by CamScanner